निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे - 5
फोन:-020 25614495, 25614366, 25514501 to 12 विस्तार

प्रेस विज्ञप्ति

श्री रोहित ऋषि ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया

पुणे, 01 नवंबर 2023: श्री रोहित ऋषि ने 01 नवंबर 2023 को बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यग्रहण किया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र में कार्यग्रहण से पूर्व श्री रोहित ऋषि इंडियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक (एफजीएम) के रूप में दिल्ली में कार्यरत थे। उनके पास बैंकिंग उद्योग में 28 वर्षों से अधिक का विपुल अनुभव है।

श्री रोहित ऋषि बैंकिंग क्षेत्र में बहुआयामी विशेषज्ञता के साथ बी.टेक. (टेक्सटाइल्स), एमबीए (वित्त) और सीएआईआईबी हैं। उनकी बैंकिंग यात्रा वर्ष 1995 में इंडियन बैंक में औद्योगिक विकास अधिकारी के रूप में कार्यग्रहण करने के साथ शुरू हुई। उनका करियर भारतीय बाजार की विशिष्ट मांगों को पूरा करने के लिए डिजिटल परिचालन संरचना और नवीन समाधानों को अपनाने के साथ निरंतर प्रगति की उनकी क्षमता को रेखांकित करता है। इन वर्षों के दौरान, उन्होंने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठनात्मक विकास और विभिन्न बदलावों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

श्री रोहित ऋषि के पास एमएसएमई, मिड कॉर्पोरेट और कॉर्पोरेट क्रेडिट का व्यापक अनुभव है, जहां उनका ज्ञान और उनकी दृष्टि उद्योगों के विविध आयामों तक पहुंचती है। नीतियों के निर्माण और कार्यान्वयन में उनकी सहभागिता एक संतुलित और सुरक्षित वित्तीय परिवेश बनाए रखते हुए विनियमों की जटिलताओं को दूर करने में सहायक रही है। उत्पाद विकास के दौर में, उनकी विशेषज्ञता विभिन्न बैंकिंग उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के निर्माण तक है, जो ग्राहकों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु अत्याधुनिक वित्तीय समाधान प्रस्तुत करते हैं।

कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री रोहित ऋषि की नियुक्ति बैंक ऑफ महाराष्ट्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और उनका व्यापक अनुभव और पेशेवर कौशल बैंक के नेतृत्व को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। बैंक उनके आगमन से लाभान्वित होने के लिए तत्पर है और अपेक्षा है कि उनका दूरदर्शी नेतृत्व बैंक को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

****